www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**UGC NET Paper 2 December 24, 2011 Shift 1 Psychology Question Paper**

# PAPER-II
# PSYCHOLOGY

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ___________________________
   (Name) ______________________________
2. (Signature) ___________________________
   (Name) ______________________________

OMR Sheet No. : ............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.___________________________________
(In words)

**D 0 4 1 1**

Time : 1 $^1/_4$ hours]

[Maximum Marks : **100**

| Number of Pages in this Booklet : **16** | Number of Questions in this Booklet : **50** |
|---|---|

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# PSYCHOLOGY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** When the membrane of a neuron shows –72 mV electrical potential (inside to outside), it is said to be

(A) Excitatory post synaptic potential
(B) Spike potential
(C) Inhibitory post synaptic potential
(D) Rest potential

**2.** Arrange the following structures of brain in terms of their ascendance from lower to upper position :

1. Hypothalamus
2. Corpus Callosum
3. Pons
4. Midbrain

(A) 3, 4, 1, 2 (B) 1, 2, 4, 3
(C) 3, 2, 4, 1 (D) 1, 3, 4, 2

**3.** Match List – I with List – II :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Audition | 1. | Frontal lobe |
| (b) | General sensations | 2. | Occipital lobe |
| (c) | Visual Functions | 3. | Temporal lobe |
| (d) | Motor Functions | 4. | Parietal lobe |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**4.** Choose the correct answer :

**Assertion (A) :** Human beings cannot locate targets in the dark like bats through echolocation.

**Reason (R) :** Our auditory organs do not respond to ultrasonic waves.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are incorrect.
(B) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(C) (A) is correct, but (R) is not correct.
(D) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

**5.** Match List – I with List – II :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Soon after lateral hypothalamus lesion | 1. | Adepsia and alphagia |
| (b) | After 20 days of lateral hypothalamus lesion | 2. | Adepsia and liquid food consumption |
| (c) | After 40 days of lateral hypothalamus lesion | 3. | No plain water but wet and palatable food |
| (d) | Long after lateral hypothalamus lesion | 4. | Take dry food and water |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 3 | 1 | 4 | 2 |

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

# मनोविज्ञान

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** जब तंत्रिकाकोशिका की झिल्ली –72 mV इलेक्ट्रिकल विभव (अंदर से बाहर की ओर) दर्शाती है, इसे कहते हैं

(A) उत्तेजनकारी पश्च साइनेप्टिक विभव

(B) तकुआ विभव

(C) अवरोधक पश्च साइनेप्टिक विभव

(D) विराम विभव

**2.** नीचे से ऊपर की ओर उनके अवरोह के रूप में मस्तिष्क के निम्नलिखित संरचनाओं को व्यवस्थित करें :

1. हाइपोथेलमस
2. महासंयोजक पिंड
3. पोन्स
4. मध्य मस्तिष्क

(A) 3, 4, 1, 2 (B) 1, 2, 4, 3

(C) 3, 2, 4, 1 (D) 1, 3, 4, 2

**3.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (a) श्रवण | 1. अग्र खंड |
| (b) सामान्य संवेदन | 2. पश्च कपालखंड |
| (c) दृश्य कार्य | 3. शंख खंड |
| (d) गतिक कार्य | 4. भित्ति खंड |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**4.** सही उत्तर चुनिए ।

**अभिकथन (A)** : मानव, चमगादड़ की भांति ईकोलोकेशन से अंधेरे में अपने लक्ष्य का पता नहीं लगा पाते हैं ।

**कारण (R)** : हमारे श्रवण अंग पराश्रव्य तरंगों में कार्य नहीं कर पाते हैं ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही नहीं हैं ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) सही नहीं है ।

(D) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

**5.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें :

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (a) उत्तरवर्ती हाइपोथेलमस तनन के तत्काल बाद | 1. एडेप्सिया और अल्फाजिया |
| (b) उत्तरवर्ती हाइपोथेलमस तनन के 20 दिन बाद | 2. एडेप्सिया और तरल खाद्य उपभोग |
| (c) उत्तरवर्ती हाइपोथेलमस तनन के 40 दिन बाद | 3. सामान्य पानी नहीं अपितु नम और स्वादिष्ट खाद्य |
| (d) उत्तरवर्ती हाइपोथेलमस तनन के काफी समय बाद | 4. शुष्क खाद्य और पानी |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 3 | 1 | 4 | 2 |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

6. Choose the correct answer :

**Assertion (A) :** Lateral hypothalamus is the hunger centre.

**Reason (R) :** Electrical stimulation of lateral hypothalamus shall make the animal stop eating.

(A) (A) is correct, but (R) is not.
(B) (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(C) (A) is not correct, but (R) is the correct statement.
(D) Neither (A) is correct nor (R) is correct.

7. Choose the correct sequencing of brain waves as per their increasing cycle per second (Hz).

(A) Alpha, Beta, Theta, Delta
(B) Beta, Delta, Alpha, Theta
(C) Delta, Theta, Alpha, Beta
(D) Theta, Beta, Delta, Alpha

8. Choose the odd one :

(A) Pituitary gland
(B) Cardiac muscle
(C) Tendons
(D) Skeletal muscle

9. Choose the odd one :

(A) Need (B) Incentive
(C) Drive (D) Punishment

10. Choose the correct answer :

**Assertion (A) :** Error variance in Latin Square Design is less than the error variance in Randomized Group Design.

**Reason (R) :** By increasing the number of independent variables, we can reduce error variance.

(A) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).
(B) Neither (A) is correct nor (R) is correct.
(C) (A) is correct, but (R) is incorrect.
(D) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

11. Choose the correct answer :

**Assertion (A) :** Scales are indirect method of measuring attitudes.

**Reason (R) :** Scales can measure all aspects of human behaviour.

(A) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).
(B) Neither (A) nor (R) is correct.
(C) (A) is correct, but (R) is incorrect.
(D) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

12. Arrange the following errors in a sequence in which they appear in the research process :

1. Non-representative sample
2. Type-I or Type-II error
3. False hypothesis
4. Bias in scoring

(A) 3 1 4 2
(B) 1 3 2 4
(C) 3 2 4 1
(D) 1 2 3 4

13. Arrange the following norms in terms of their increasing rigourness :

1. Standard Score
2. Normalised Standard Score
3. Percentile
4. Deviation Score

(A) 3 4 1 2
(B) 1 4 3 2
(C) 2 4 3 1
(D) 4 3 1 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

**6.** सही उत्तर चुनिए ।

**अभिकथन (A)** : उत्तरवर्ती हाइपोथेलेमस, भूख का केंद्र है ।

**कारण (R)** : उत्तरवर्ती हाइपोथेलेमस की वैद्युत प्रेरणा पशुओं को भोजन करने से रोकती है ।

(A) (A) सही है, लेकिन (R) सही नहीं है ।
(B) (A) और (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(C) (A) सही नहीं है लेकिन (R) सही कथन है ।
(D) (A) और (R) दोनों सही नहीं हैं ।

**7.** मस्तिष्क तरंगों को उनके प्रति सेकेंड (Hz) बढ़ते हुए चक्र के अनुसार सही क्रम में लगाएँ :

(A) अल्फा, बीटा, थीटा, डेल्टा
(B) बीटा, डेल्टा, अल्फा, थीटा
(C) डेल्टा, थीटा, अल्फा, बीटा
(D) थीटा, बीटा, डेल्टा, अल्फा

**8.** विषम को चुनिए :

(A) पीयूष ग्रंथि
(B) हृदय पेशी
(C) कंडरा
(D) कंकालीय पेशी

**9.** विषम को चुनिए :

(A) आवश्यकता (B) प्रोत्साहन
(C) प्रेरणा (D) दंड

**10.** सही उत्तर चुनिए ।

**अभिकथन (A)** : लैटिन चतुर्भुज डिज़ाइन में त्रुटि विचरण यादृच्छिक समूह डिज़ाइन की अपेक्षा कम होता है ।

**कारण (R)** : स्वतंत्र चरों की संख्या बढ़ाकर हम त्रुटि विचरण घटा सकते हैं ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(B) न तो (A) सही है और न ही (R) ।
(C) (A) सही है लेकिन (R) सही नहीं है ।
(D) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

**11.** सही उत्तर चुनिए ।

**अभिकथन (A)** : मापनी, अभिवृत्ति को मापने की अप्रत्यक्ष विधि है ।

**कारण (R)** : मापनी से मानव व्यवहार के सभी पहलुओं को माप सकते हैं ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(B) न तो (A) और न ही (R) सही है ।
(C) (A) सही है लेकिन (R) सही नहीं है ।
(D) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

**12.** निम्नलिखित त्रुटियों को उस क्रम में व्यवस्थित करें, जिसमें वे अनुसंधान की प्रक्रिया में सामने आती हैं ।

1. गैर-निरूपणात्मक प्रतिदर्श
2. टाइप-I या टाइप-II त्रुटि
3. मिथ्या परिकल्पना
4. समंक प्रदान करने में अभिनति

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (B) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**13.** निम्नलिखित मानकों को उनकी बढ़ती हुई कठोरता के अनुसार व्यवस्थित करें :

1. मानक समंक
2. सामान्य मानक समंक
3. शतमक
4. व्यतिक्रम समंक

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (C) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**14.** Match List – I with List – II :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Single Sample | 1. Kruskal Wallis Test |
| (b) Matched Groups | 2. Wilcoxon Sign Test |
| (c) Two Independent Groups | 3. Chi-Square Test |
| (d) More than two Groups | 4. Mann-Whitney U Test |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (B) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**15.** Match List – I with List – II :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Murray | 1. Word Association Test |
| (b) Eysenck | 2. Culture Fair Intelligence Test |
| (c) Cattell | 3. Thematic Apperception Test |
| (d) Kent Rosenoff | 4. Maudsley Personality Inventory |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (B) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**16.** Power of a statistical test is defined as the

(A) Ability to reject a false hypothesis.

(B) Ability to accept a true hypothesis.

(C) Ability of a test to reject a false hypothesis in comparison to another test.

(D) Ability of a test to accept a true hypothesis in comparison to another test.

**17.** NEO-PI personality Inventory is based on

(A) Behaviouristic Approach

(B) Cognitive Approach

(C) Psycho-dynamic Approach

(D) Trait Approach

**18.** Cattell's Culture Fair Intelligence Test is an example of

(A) Speed Test

(B) Power Test

(C) Speed Cum Power Test

(D) Verbal Test

**19.** Which of the following is not a non-parametric test ?

(A) Kruskal – Wallis Test

(B) Friedman's Test

(C) Fisher's Ratio

(D) Kalmogrov-Smirnov's Test

**20.** Match List – I with List – II :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Thurstone | 1. Equal-appearing scale |
| (b) Guttman | 2. Social Distance Scale |
| (c) Osgood | 3. Summated Rating Scale |
| (d) Bogardus | 4. Semantic Differential Scale |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 2 | 4 | 3 | 1 |

**21.** The method of Loci-Loci refers to

(A) Patterns (B) Process

(C) Place (D) Position

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**14.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें :

| **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|
| (a) एकल प्रतिदर्श | 1. | क्रुस्कल वालीस परीक्षण |
| (b) सुमेलित समूह | 2. | विलकोक्सन संकेत परीक्षण |
| (c) दो स्वतंत्र समूह | 3. | काई-स्क्वेयर परीक्षण |
| (d) दो से अधिक समूह | 4. | मान-विटने यू परीक्षण |

**कूट** :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (B) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**15.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें :

| **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|
| (a) मुरे | 1. | शब्द संयोजन परीक्षण |
| (b) इसेन्क | 2. | संस्कृति संभाव्य बुद्धि परीक्षण |
| (c) कैटल | 3. | थिमेटिक आत्मबोध परीक्षण |
| (d) केंट रोज़ेनोफ | 4. | मौडस्ले व्यक्तित्व परीक्षण |

**कूट** :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (B) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**16.** सांख्यिकी परीक्षण की शक्ति को इस प्रकार परिभाषित किया जाता है

(A) मिथ्या परिकल्पना को अस्वीकार करने की क्षमता

(B) सत्य परिकल्पना को स्वीकार करने की क्षमता

(C) अन्य परीक्षण की तुलना में मिथ्या परिकल्पना को अस्वीकार करने के परीक्षण की क्षमता

(D) अन्य परीक्षण की तुलना में सत्य परिकल्पना को स्वीकार करने के परीक्षण की क्षमता

**17.** NEO-PI व्यक्तित्व सूची, निम्नलिखित पर आधारित है :

(A) व्यवहार संबंधी उपागम

(B) संज्ञानात्मक उपागम

(C) मनो-गतिशील उपागम

(D) विशेषक उपागम

**18.** कैटल संस्कृति संभाव्य बुद्धि परीक्षण निम्नलिखित का उदाहरण है :

(A) गति परीक्षण

(B) शक्ति परीक्षण

(C) गति एवं शक्ति परीक्षण

(D) मौखिक परीक्षण

**19.** निम्नलिखित में से कौन सा गैर-प्राचलिक परीक्षण नहीं है ?

(A) क्रुस्कल – वालीस परीक्षण

(B) फ्राइमैन परीक्षण

(C) फिशर अनुपात

(D) कालमोग्रोव – स्मिरनोव परीक्षण

**20.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें :

| **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|
| (a) थ्रस्टोन | 1. | समान-प्रकटन माप |
| (b) गटमैन | 2. | सामाजिक दूरवर्ती माप |
| (c) ओसगुड | 3. | समाकलित काटि निर्धारण माप |
| (d) बोगरडस | 4. | शब्दार्थ विभेदक माप |

**कूट** :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 2 | 4 | 3 | 1 |

**21.** स्थानक-स्थानक विधि निम्नलिखित को दर्शाती है :

(A) नमूने (B) प्रक्रिया

(C) स्थान (D) स्थिति

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**22.** Match List – I with List – II :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Episodic Memory | 1. Makes use of language possible |
| (b) Sensory Memory | 2. Stores memories of specific past events |
| (c) Semantic Memory | 3. Registers information from the senses |
| (d) Visual Sensory Memory | 4. Stores memories of visual images |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (B) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (C) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (D) | 2 | 3 | 4 | 1 |

**23.** Match List – I with List – II :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Biological perspective | 1. Understanding behaviour in terms of unconscious motives from sexual and aggressive impulses. |
| (b) Behavioural perspective | 2. Understanding the neurobiological process that underline behaviour and mental processes. |
| (c) Psycho-analytic perspective | 3. Understanding behaviour from subjective realities people actively construct. |
| (d) Subjectivist perspective | 4. Understanding observable behaviour in terms of conditioning and reinforcement. |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 3 | 2 | 4 | 1 |

**24.** The apparent size of an after image is directly related to the apparent distance of the surface on which it is perceived refers to

(A) Emmert's Law

(B) Steven's Power Law

(C) Fechner's Law

(D) Weber's Ratio

**25.** A visual disorder in which reading is impaired by a perceptual confusion of letters is called

(A) Dyslexia (B) Dysosmia

(C) Dysgensia (D) Paranoia

**26.** A phenomenon that raises the threshold for a stimulus due to the presence of another stimulus is called

(A) Looming (B) Masking

(C) Distraction (D) Constancy

**27.** Among the following, which is not a performance test of intelligence ?

(A) Picture completion

(B) Picture arrangement

(C) Object assembly

(D) Finger-Dexterity

**28.** Choose the correct answer :

**Assertion (A) :** Pavlov's conditioning is also called respondent conditioning.

**Reason (R) :** Pavlov's conditioning is the earliest theory of conditioning.

(A) (A) is correct, but (R) is wrong.

(B) Both (A) and (R) are wrong.

(C) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(D) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**22.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) घटना की स्मृति | 1. संभावित भाषा का प्रयोग संभव करना |
| (b) संवेदी स्मृति | 2. पिछली विशिष्ट घटनाओं की स्मृति का संग्रहण |
| (c) अर्थगत स्मृति | 3. इंद्रियों से प्राप्त सूचना को रजिस्टर करना |
| (d) दृश्य संवेदी स्मृति | 4. दृश्य छवियों की स्मृति का संग्रहण |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (B) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (C) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (D) | 2 | 3 | 4 | 1 |

**23.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) जैविक परिप्रेक्ष्य | 1. यौन और आक्रामकता आवेगों से अचेतन अभिप्रेरणा की समझ |
| (b) व्यावहारिक परिप्रेक्ष्य | 2. व्यवहार और मानसिक प्रक्रिया में अंत:निहित तंत्रिका जैविकी प्रक्रिया को समझना |
| (c) मनोविश्लेषक परिप्रेक्ष्य | 3. लोगों के द्वारा सक्रिय रूप से बनाई गई व्यक्तिनिष्ट वास्तविकताओं के द्वारा व्यवहार को समझना |
| (d) व्यक्तिनिष्ट परिप्रेक्ष्य | 4. अनुबंधन और प्रबलन के रूप में दृष्टिगोचर को समझना । |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (C) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (D) | 3 | 2 | 4 | 1 |

**24.** पश्च छवि का प्रत्यक्ष आकार उस धरातल की प्रत्यक्ष दूरी से सीधे संबंधित है, जिस पर यह अनुभव किया जाता है, इस बात का उल्लेख निम्नलिखित में किया गया है :

(A) इम्मर्ट के सिद्धांत में

(B) स्टेवेन के पॉवर सिद्धांत में

(C) फैकनर के सिद्धांत में

(D) वेबर के रेश्यो सिद्धांत में

**25.** ऐसा दृष्टि दोष, जिसमें अक्षरों की बोधात्मक में भ्रम होने से पढ़ने में कठिनाई होती है, उसे कहते हैं

(A) पठन वैकल्प (B) घ्राण वैकल्प

(C) रस वैकल्प (D) व्यामोह

**26.** ऐसी घटना, जो दूसरे उत्तेजक की उपस्थिति के कारण उत्तेजना का प्रवेश द्वार बढ़ा देती है उसे कहते हैं

(A) लूमिंग (B) आच्छादन

(C) ध्यानभंग (D) स्थिरता

**27.** निम्नलिखित में से कौन सा परीक्षण बुद्धि के कार्य-निष्पादन का परीक्षण नहीं है ?

(A) चित्र पूर्णता

(B) चित्र व्यवस्था

(C) वस्तु संयोजन

(D) अंगुलि निपुणता

**28.** सही उत्तर चुनिए ।

**अभिकथन (A)** : पेव्लोव के अनुबंधन को प्रतिक्रियात्मक अनुबंधन भी कहते हैं ।

**कारण (R)** : पेव्लोव का अनुबंधन, अनुबंधन का प्रारंभिक सिद्धांत है ।

(A) (A) सही है लेकिन (R) गलत है ।

(B) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(D) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

**29.** Choose the correct answer :

**Assertion (A) :** Sir Bartlett found that people after reading a bizarre folktale tended to shorten and simplify the same.

**Reason (R) :** Modifications during recall are due to reconstructive processes.

(A) (A) is correct, but (R) is wrong.
(B) Both (A) and (R) are wrong.
(C) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(D) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

**30.** Which one of the sequence observational learning follows ?

(A) Attention, Motivation, Retention, Production process
(B) Attention, Retention, Production process, Motivation
(C) Attention, Retention, Motivation, Production process
(D) Attention, Production process, Retention, Motivation

**31.** Arrange the following books in accordance to the years of publication from early to recent :

1. Principles of Behaviour – Hull
2. Purposive Behaviour in animals and Men – Tolman
3. Beyond Freedom and Dignity – Skinner
4. Science and Human Behaviour – Skinner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (B) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (C) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (D) | 1 | 3 | 2 | 4 |

**32.** Arrange the contributors' on memory research in order from early to late period :

(A) Ebbinghaus, Bartlett, Broadbent, Baddley
(B) Ebbinghaus, Bartlett, Baddley, Broadbent
(C) Ebbinghaus, Baddley, Bartlett, Broadbent
(D) Bartlett, Ebbinghaus, Broadbent, Baddley

**33.** If the learning list presents the numbers in a sequence as 304, 116, 345, 231, 435, then the correct order of recall in a free recall test would be

(A) 304, 116, 345, 231, 435
(B) 304, 345, 116, 435, 231
(C) 345, 435, 116, 304, 231
(D) All of the above

**34.** Choose the odd one :

(A) Relearning (Saving)
(B) Memory
(C) Recall
(D) Recognition

**35.** Psychologists have discovered a number of strategies used for problem solving. Among following which is the most basic ?

(A) Simultaneous Scanning
(B) Focussed Gambling
(C) Change in Mental Set
(D) Successive Scanning

**36.** Match List – I with List – II :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Social Learning | 1. | Adler |
| (b) | Trait Approach | 2. | Bandura |
| (c) | Humanistic Approach | 3. | Eysenck |
| (d) | Analytical Psychology | 4. | Rogers |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**29.** सही उत्तर चुनिए ।

**अभिकथन (A)** : सर वार्टलेट ने पाया कि बेतुकी लोककथा को पढ़ने के बाद लोग उसे छोटा और सरल कर देते थे ।

**कारण (R)** : पुनर्रचना की प्रक्रिया के कारण पुन: याद आने के दौरान आशोधन किए जाते हैं ।

(A) (A) सही है लेकिन (R) गलत है ।

(B) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(D) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

**30.** प्रेक्षण परक अधिगम में निम्नलिखित में से कौन सा क्रम अपनाया जाता है ?

(A) अवधान, अभिप्रेरणा, अवधारण, उत्पादन प्रक्रिया

(B) अवधान, अवधारण, उत्पादन प्रक्रिया, अभिप्रेरणा

(C) अवधान, अवधारण, अभिप्रेरणा, उत्पादन प्रक्रिया

(D) अवधान, उत्पादन प्रक्रिया, अवधारण, अभिप्रेरणा

**31.** निम्नलिखित पुस्तकों को उनके प्रकाशन वर्ष के अनुसार पहले से आज तक के क्रम में व्यवस्थित करें :

1. प्रिंसिपल्स ऑफ बिहेवियर – हल
2. परपोसिव बिहेवियर इन एनिमल्स एण्ड मैन – टोलमैन
3. बियोंड फ्रीडम एण्ड डिगनिटी – स्किनर
4. साइन्स एण्ड ह्यूमन बिहेवियर – स्किनर

(A) 2 1 4 3

(B) 2 4 1 3

(C) 1 4 3 2

(D) 1 3 2 4

**32.** शुरू से बाद की अवधि के क्रम में स्मरण-शक्ति अनुसंधान में योगदान देने वालों को व्यवस्थित करें ।

(A) इब्बिंघोस, बार्टलेट, ब्रोडबेंट, बाडले

(B) इब्बिंघोस, बार्टलेट, बाडले, ब्रोडबेंट

(C) इब्बिंघोस, बाडले. बार्टलेट, ब्रोडबेंट

(D) बार्टलेट, इब्बिंघोस, ब्रोडबेंट, बाडले

**33.** यदि अधिगम सूची में अंक 304, 116, 345, 231, 435 के क्रम में लिखे हों तो मुक्त प्रत्याह्वान परीक्षण में प्रत्याह्वान का सही क्रम इस प्रकार होगा

(A) 304, 116, 345, 231, 435

(B) 304, 345, 116, 435, 231

(C) 345, 435, 116, 304, 231

(D) उपर्युक्त सभी

**34.** विषम स्थिति को चुनिए :

(A) पुन:अधिगम (बचत)

(B) स्मृति

(C) प्रत्याह्वान

(D) प्रत्यभिज्ञान

**35.** मनोविज्ञानियों ने समस्या समाधान के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली कई रणनीतियाँ खोजी हैं । निम्नलिखित में से सबसे अधिक मूलभूत कौन सी है ?

(A) एककालिक सूक्ष्मवीक्षण

(B) फोकस्ड गेमलिंग

(C) मानसिक विन्यास में परिवर्तन

(D) क्रमिक सूक्ष्मवीक्षण

**36.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | सामाजिक अधिगम | 1. | ऐडलर |
| (b) | शीलगुण उपागम | 2. | बेंडूरा |
| (c) | मानवीय उपागम | 3. | आईसेंक |
| (d) | विश्लेषणात्मक मनोविज्ञान | 4. | रोजर |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

www.prepp.in

37. According to Carl Jung, the collective unconscious addresses to
(A) Cultural concerns
(B) Developmental concern
(C) Spiritual concerns
(D) Sexual concerns

38. In which psycho-sexual development stage the focus of child is on "coping with incestuous sexual feelings".
(A) Anal (B) Phallic
(C) Latency (D) Genital

39. Who has used the term "unconditional positive regard" for explaining an attitude of total acceptance toward another person ?
(A) Abraham Maslow
(B) Carl Roger
(C) Albert Bandura
(D) Edward Chang

40. How do we see or describe ourselves including our behaviour is called ?
(A) Self-assessment
(B) Self-awareness
(C) Self-concept
(D) Self-actualization

41. Match List – I with List – II :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| (a) | Albedo | 1. | The amount of light falling on a surface. |
| (b) | Ganzfeld | 2. | Increased sensitivity to taste. |
| (c) | Hypergeusia | 3. | A completely textureless and homogenous field of uniform brightness. |
| (d) | Illuminance | 4. | Proportion of incident light that is reflected |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

42. Match List – I with List – II :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Spinal Gate Control Theory | 1. Motion sickness is due to disruption of the sensory input to visual and vestibular systems. |
| (b) Young Helmholtz Theory | 2. The perception of spoken language is a result of the knowledge of the articulatory gestures involved in speech. |
| (c) Motor Theory | 3. There are three sets of receptor cones that respond differently to different wavelengths. |
| (d) Sensory Conflict Theory | 4. Theory of pain that focuses on afferent nerve impulse transmission from the skin to the spinal cord. |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 2 |
| (D) | 3 | 1 | 2 | 4 |

43. Choose the correct answer :
**Assertion (A) :** Visual perception is largely based on our experience with the visual environment.
**Reason (R) :** In Ames' illusions the individual is forced to violate one set of assumptions about the spatial environment to preserve another.
(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are wrong.
(C) (A) is right, but (R) is wrong.
(D) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

Prepp
Your Personal Exams Guide

**37.** कारल युंग के अनुसार सम्मिलित अचेतन निम्नलिखित से संबंधित होता है :

(A) सांस्कृतिक संबंध

(B) विकासात्मक संबंध

(C) आध्यात्मिक संबंध

(D) यौन संबंध

**38.** मनो-यौन विकास की कौन सी अवस्था में बच्चे का फोकस "कौटुम्बिक यौन अनुभूति का सामना" करता है ?

(A) गुदा (B) लैंगिक

(C) कामप्रस्तुति (D) जननांगी

**39.** दूसरे व्यक्ति के प्रति कुल स्वीकृति की अभिवृत्ति की व्याख्या करने के लिए किसने "अप्रतिबंध सकारात्मक सम्मान" शब्दावली का प्रयोग किया है ?

(A) अब्राहम मास्लो (B) कार्ल रोज़र

(C) अल्बर्ट बैंडूरा (D) एडवर्ड चैंग

**40.** हम अपने आप को कैसे देखते हैं या कैसे विवेचित करते हैं, जिसमें हमारा व्यवहार भी शामिल है ?

(A) आत्म-मूल्यांकन

(B) आत्म-बोध

(C) आत्म-संकल्पना

(D) आत्म-सिद्धि

**41.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | एल्बेडो | 1. | धरातल पर पड़ने वाले प्रकाश की मात्रा |
| (b) | गैंज़फील्ड | 2. | स्वाद संवेदनशीलता में वृद्धि |
| (c) | हाइपरज्युसिया | 3. | एक समान चमक पूर्णत: अस्पर्श और सजातीय क्षेत्र |
| (d) | प्रदीप्तिघनत्व | 4. | प्रतिबिंबित होने वाला प्रासंगिक प्रकाश का अनुपात |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**42.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित करें :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | स्पाइनल गेट का नियंत्रण सिद्धांत | 1. | चलन बीमारी, दृश्य और वेस्टिवुलर प्रणालियों में संवेदी निवेश के विच्छेद के कारण होता है । |
| (b) | यंग हेल्महोल्ट्ज का सिद्धांत | 2. | उच्चारित भाषा का बोध, भाषा में शामिल उच्चारण अवयवों के विक्षेप के ज्ञान कारण होता है । |
| (c) | मोटर सिद्धांत | 3. | अभिग्राही शंकु के तीन विन्यास होते हैं, जो अलग-अलग तरंग दैर्ध्य में अलग-अलग रूप में कार्य करते हैं । |
| (d) | संवेगी अंतर्द्वंद्व सिद्धांत | 4. | त्वचा से मेरुरज्जु तक अभिवाही नाड़ी आवेग संचरण पर केंद्रित पीड़ा का सिद्धांत |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 2 |
| (D) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**43.** सही उत्तर चुनिए ।

**अभिकथन (A)** : दृश्य बोध, काफी हद तक दृश्य वातावरण के साथ हमारे अनुभव पर आधारित होता है ।

**कारण (R)** : एम्स के भ्रम में व्यक्ति स्थानिक वातावरण के बारे में दूसरे विन्यास को परिरक्षित करने के लिए एक विन्यास को भंग करने के लिए बाध्य होता है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है ।

(D) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**44.** Choose the correct answer :

**Assertion (A) :** The visual illusions may be due to optical-retinal and cognitive components.

**Reason (R) :** Distortion of depth and distance cues and misapplication of size constancy do not distort perception.

(A) Both (A) and (R) are wrong.
(B) (A) is right, but (R) is wrong.
(C) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(D) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

**45.** Who among the following viewed that 'language development' is akin to "sexual maturation" ?

(A) Chomsky (B) Shanks
(C) Skinner (D) Vygotsky

**46.** Choose the correct answer :

**Assertion (A) :** Language development can be explained with learning principles.

**Reason (R) :** Language development takes place at its own.

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(B) (A) is true, but (R) is not true.
(C) Both (A) and (R) are not true.
(D) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

**47.** Whorf has suggested that language determines the way people think and that people with different languages think differently. This is called

(A) Algorithm
(B) Syntax
(C) Linguistic relativity
(D) Linguistic dissonance

**Note :** Instructions for items (**48** to **50**) : Read the paragraph carefully and choose the correct answer :

People vary in their abilities to understand and influence other people. Success in interpersonal interaction is easy for some people and difficult for others. Some are diplomats while others are boors. The construct of such intelligence tries to capture the ways in which individuals differ from one another in their interpersonal skills. A similar idea about the existence of such a cluster of abilities has also arisen from a different source. As a prominent psychologist interested in educational implications of individual differences, devised a theory of "multiple intelligence" which has become influential in the field of education. This theory claims that all human beings have at least seven different intelligences – seven different ways of knowing about the world – and that people differ from one another in their relative strengths in each domain. These seven intelligences include knowing the world through language, logical-mathematical analysis, spatial representation, musical thinking, bodily – kinesthetic intelligence and understanding of self and others. Thus under this approach, each person is characterized by a profile of intelligences rather than by a single, global measure of intelligence, such as an IQ.

**48.** The intelligence which explains about the interpersonal interactions is called

(A) Practical intelligence
(B) Social intelligence
(C) Cognitive intelligence
(D) Emotional intelligence

**49.** Name the psychologist who had given the concept of multiple intelligence.

(A) Galton (B) Thurstone
(C) Gardner (D) Goalman

**50.** Which form of intelligence is not the part of multiple intelligence ?

(A) Bodily-Kinesthetic intelligence
(B) Logical thinking
(C) Logical-Mathematical analysis
(D) Spatial representation

**44.** सही उत्तर चुनिए ।

**अभिकथन (A)** : दृष्टि-भ्रम, दृष्टि-पटल और संज्ञानात्मक घटकों के कारण हो सकता है ।

**कारण (R)** : गहराई तथा दूरी के अनुसंकेतों की विकृति और आकार की स्थिरता, बोधगम्यता को विकृत नहीं करती है ।

(A) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।
(B) (A) सही है लेकिन (R) गलत है ।
(C) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(D) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

**45.** निम्नलिखित में से किसने यह विचार व्यक्त किया कि "भाषा का विकास यौन परिपक्वता की भांति होता है" ?

(A) चोम्सकी
(B) शैंक्स
(C) स्किनर
(D) वाइगोट्सकी

**46.** सही उत्तर चुनिए ।

**अभिकथन (A)** : भाषा विकास की व्याख्या अधिगम सिद्धांतों के साथ की जा सकती है ।

**कारण (R)** : भाषा का विकास अपने आप होता है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) सही है लेकिन (R) सही नहीं है ।
(C) (A) और (R) दोनों सही नहीं हैं ।
(D) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

**47.** वोर्फ (Whorf) ने सुझाया है कि भाषा उस तरीके को निर्धारित करती है, जिस तरीके से लोग सोचते हैं और अलग-अलग भाषा-भाषी लोग अलग-अलग तरीके से सोचते हैं, इसे कहते हैं

(A) कलनविधि
(B) वाक्यविन्यास
(C) भाषाई सापेक्षता
(D) भाषाई विस्वरता

**नोट** : मद (**48** से **50**) के लिए अनुदेश पैराग्राफ को सावधानी से पढ़िए और सही उत्तर चुनिए ।

दूसरे लोगों को समझने और प्रभावित करने की अलग-अलग लोगों में अलग क्षमता होती है । अन्तर्वैयक्तिक अंत:क्रिया में सफलता कुछ लोगों के लिए आसान होती है और कुछ लोगों के लिए कठिन । कुछ लोग व्यवहार-कुशल होते हैं, जबकि कुछ सभ्य नहीं होते हैं । इस प्रकार की बुद्धि की संकल्पना उन तरीकों पर ध्यान देती है, जिनमें व्यक्ति उनके अंतर्वैयक्तिक कौशलों में एक दूसरे से भिन्न होते हैं । ऐसी क्षमताओं के समूह के अस्तित्व के बारे में एक समान विचार का अलग स्रोत से उद्भव हुआ है । व्यक्तिगत भिन्नता का शैक्षणिक निहितार्थ में रुचि रखने वाले एक प्रतिष्ठित मनोविज्ञानी "बहु बुद्धि" के सिद्धांत की वांछा की है, जो शिक्षा के क्षेत्र में प्रभावी हो गई है । इस सिद्धांत में दावा किया गया है कि सभी व्यक्तियों में कम से कम सात भिन्न बुद्धियाँ होती हैं, विश्व को जानने के बारे में सात अलग-अलग तरीके होते हैं - और प्रत्येक अभिक्षेत्र में लोगों की परस्पर क्षमताएँ एक दूसरे से भिन्न होती हैं । इन सात बौद्धिक क्षमताओं में - भाषा, तार्कीय-गणितीय विश्लेषण, स्थानिक-निरूपण, संगीतात्मक चिंतन, शारीरिक गतिबोध बुद्धि और आत्मबोध एवं परबोध होते हैं । अत: इस उपागम में प्रत्येक व्यक्ति को आई.क्यू. जैसे एकल वैश्विक मापन की बजाय बुद्धि के एक पार्श्व-चित्र द्वारा पहचाना जाता है ।

**48.** अंतर्वैयक्तिक अंत:क्रिया के बारे में बताने वाली बुद्धि को कहते हैं

(A) व्यावहारिक बुद्धि
(B) सामाजिक बुद्धि
(C) संज्ञानात्मक बुद्धि
(D) संवेगात्मक बुद्धि

**49.** उस मनोविज्ञानी का नाम बताएँ, जिसने बहु-बुद्धि की संकल्पना दी है ।

(A) गाल्टन
(B) थ्रस्टन
(C) गार्डनर
(D) गोलमैन

**50.** निम्नलिखित में से कौन सी बुद्धि "बहु बुद्धि" का भाग नहीं है ?

(A) शारीरिक गतिबोधात्मक बुद्धि
(B) तार्किक चिंतन
(C) तार्किक गणितीय विश्लेषण
(D) स्थानिक निरूपण

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**